>

Title: Need to expedite the construction of a railway line between Ramganjmandi and Ujjain via Jhalawar and Agar.

श्री सज्जन वर्मा (देवास) ः

माननीय रेल मंत्री जी द्वारा अपने बजट भाषण 2011 में उन्होंने इस बात का उल्लेख किया था कि बिना लाभ-हानि के आधार पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े इलाकों में नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। मेरा लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। यहां विगत वर्षों में एक नई रेलवे लाइन बिछाने का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है। यह रेल लाइन है - रामगंज मंडी से उज्जैन वाया झालावाड़, आगर। 850 करोड़ की यह महत्ति योजना आज भी लंबित है। इस रेल लाइन को बिछाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस नई रेलवे लाइन को बिछाने का कार्य अविलंब किया जावे।